पत्र संख्या-5(ग)सामान्य-पदोन्नति वैयक्तिक सहायक ग्रेड-1 // 2014-15 // 4276 //वाणिज्य कर .

कार्यालय कमिश्नर,वाणिज्य कर,उत्तर प्रदेश,

(स्थापना-अराज0-अनुभाग)

दिनॉक :: लखनऊ :: 01-01-2016

// आदेश //

निम्नलिखित तालिका के स्तम्भ-02 में उल्लिखित वैयक्तिक सहायक ग्रेड-2 वेतनमान रू0 9300-34800+4200 ग्रेड वेतन को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से वैयक्तिक सहायक ग्रेड-1 वेतनमान रू0 9300-34800+4600 ग्रेड वेतन के पद पर पदोन्नत किया जाता है तथा उनके नाम के सम्मुख स्तम्भ-05 में उल्लिखित स्थान / कार्यालय में तैनात किया जाता है :- (चयन वर्ष 2014-15)

क्रमांक	कर्मचारी का नाम	पिता/पति का नाम	वर्तमान तैनाती का जोन / सम्भाग	पदोन्नति के उपरान्त तैनात किये जाने का स्थान / परिसम्भाग
1	2	3	4	5
1	श्री सत्य भूषण	श्री हरी किशन	मेरठ	वर्तमान तैनाती के स्थान पर यथावत

2- सम्बन्धित जोनल /सम्भागीय अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि उक्त पदोन्नत होने वाले कर्मचारी को पदोन्नति के पद पर प्रत्येक दशा में दिनॉक 08-01-2016 तक कार्यभार ग्रहण कराना सुनिश्चित करें ।

3- सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये जाते हैं कि उक्त पदोन्नत किया गया कर्मचारी यदि किन्ही कारणों से पदोन्नति के पद पर कार्यभार ग्रहण करने का इच्छुक न हो तो इस सम्बन्ध में वह अपना लिखित अनुरोध पत्र सम्भागीय अधिकारी के माध्यम से प्रत्येक दशा में दिनॉक 15-01-2016 तक मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ।

4- सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष /जोनल अधिकारी /सम्भागीय अधिकारी यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि उपरोक्त पदोन्नत कर्मचारी के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही चल रही हो अथवा प्रस्तावित हो /सतर्कता जॉच आदि चल रही हो अथवा सत्यनिष्ठा संदिग्ध की गयी हो व कोई दण्डादेश निर्गत किया गया है तो उक्त कर्मचारी पर यह पदोन्नति आदेश लागू नही होगा और सम्बन्धित कर्मचारी पर यह पदोन्नति आदेश क्रियान्वित न कराया जाय अपितु इसकी सूचना अर्द्धशासकीय पत्र के माध्यम से मुख्यालय को तुरन्त उपलब्ध करायी जाय ।

5- वर्तमान समय में यदि उक्त कर्मचारी उसके नाम के सम्मुख स्तम्भ-04 में दर्शित कार्यालय / स्थान के अतिरिक्त अन्य किसी कार्यालय / स्थान पर कार्यरत हो तो उसकी वर्तमान तैनाती का स्थान तदनुसार संशोधित माना जाए । सम्बन्धित जोनल / सम्भागीय अधिकारी अपने स्तर से सम्बन्धित कर्मचारी को उक्त पदोन्नति आदेश की प्रति तुरन्त तामील कराना सुनिश्चित करें ।

(रण विजय यादव)

एडीशनल कमिश्नर (प्रशा0) वाणिज्य कर

उत्तर प्रदेश लखनऊ

3736 04/01/16

श्री रंजन DC (IT) 04/01/16

DC (IT) JC (IT) 04/01/16

पृष्ठांकन पत्र संख्या एवं दिनांक उक्त ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

PA-1promotion

....2

1-जोनल एडीशनल कमिश्नर वाणिज्यकर,मेरठ।

2- ज्वाइन्ट कमिश्नर (कार्यपालक) वाणिज्यकर,मेरठ सम्भाग ए एवं बी मेरठ।

3-ज्वाइन्ट कमिश्नर (आई0टी0)वाणिज्यकर मुख्यालय को उक्त आदेश को विभागीय बेवसाइट पर डलवाने हेतु।

4-आहरण एवं वितरण अधिकारी वाणिज्यकर,मेरठ।

5-मुख्य/ वरिष्ठ कोषाधिकारी ,मेरठ।

6-सम्बन्धित कर्मचारियों के प्रभारी कार्यालय अधिकारी।

7-सम्बन्धित कर्मचारियों को नाम से।

8-स्था-6 सामान्य पटल मुख्यालय-लखनऊ।

9-स्था-5(ग)पटल को 10 अतिरिक्त प्रतियाँ।

एडीशनल कमिश्नर (प्रशा0) वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश लखनऊ

PV/promotion